# उत्तर प्रदेश समसामयिकी

## 14th January 2025

## जेड-मोड़ सुरंग

भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा 13 जनवरी, 2025 को जम्मू-कश्मीर की **जेड-मोड़ सुरंग या सोनमर्ग सुरंग** का उद्घाटन किया गया।

**प्रमुख बिंदु-**

- ज़ेड-मोड़ सुरंग **6.5 किलोमीटर लंबी**, दो लेन वाली सड़क सुरंग है, जो गंदेरबल जिले में **गगनगीर और सोनमर्ग के बीच** बनाई गई है।
- मुख्य सुरंग 10.8 मीटर चौड़ी है, तथा इसमें 7.5 मीटर लम्बी घोड़े की नाल के आकार की निकास सुरंग और 8.3 मीटर लम्बी डी-आकार की वेंटिलेशन सुरंग शामिल है।
- **कनेक्टिविटी :** 8,650 फीट से अधिक की ऊंचाई पर बनी इस सुरंग से श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच कनेक्टिविटी में सुधार होगा।
  - भविष्य में, सुरंग को लेह से जोड़ा जाएगा। सुरंग का उद्देश्य क्षेत्र में हर मौसम में पहुँच प्रदान करना है।
  - सुरंग से श्रीनगर और लेह के बीच यात्रा का समय भी काफी कम हो जाएगा।
- **लागत :** यह **2700 करोड़ रुपये** की परियोजना का हिस्सा है।
- **महत्त्व :** यह भूस्खलन और हिमस्खलन की आशंका वाले मार्गों को बायपास करेगी और क्षेत्र में सुरक्षित, निर्बाध पहुंच प्रदान करेगी।
  - इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।
- **आगे का मार्ग :** आगामी सुरंग एक व्यापक बुनियादी ढांचा परियोजना का हिस्सा है, जिसमें आगामी ज़ोजिला सुरंग भी शामिल है, जिसके 2028 तक पूरा होने की उम्मीद है।

## 'कलाग्राम'

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ने महाकुंभ मेले के नागवासुकी क्षेत्र में भारतीय सांस्कृतिक धरोहर के केंद्र 'कलाग्राम' का लोकार्पण किया।

**प्रमुख बिंदु-**

- महाकुंभ में संस्कृति मंत्रालय, द्वारा स्थापित कलाग्राम, भारत की विविधता में एकता को दर्शाता है।




- यह कलाग्राम महाकुंभ 2025 का एक मुख्य आकर्षण होगा, जहां **चार धामों का मंच प्रदर्शन**, 12 ज्योतिर्लिंगो का भव्य प्रवेश द्वार, अविरल शाश्वत कुंभ प्रदर्शनी, 7 क्षेत्रीय संस्कृति आंगन में सांस्कृतिक विविधता का प्रदर्शन होगा।
- इसमें देश के विभिन्न **राज्यों के पारंपरिक भोजन स्टॉल्स** के माध्यम से भारतीय व्यंजनों का स्वाद, 14,630 से अधिक सांस्कृतिक कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुतियां की जाएगी।
- जीवंत कलाग्राम में 10,000 क्षमता वाला भव्य गंगा पंडाल होगा, साथ ही एरियल, झूंसी और त्रिवेणी क्षेत्रों में तीन अतिरिक्त मंच होंगे, जिनमें प्रत्येक में 2,000 से 4,000 दर्शकों के बैठने की व्यवस्था होगी।

**महाकुंभ 2025**

- उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में **13 जनवरी से 26 फरवरी**, 2025 तक आयोजित होने वाला महाकुंभ एक ऐतिहासिक आयोजन है, जिसमें दुनिया भर से **40 करोड़** से अधिक श्रद्धालु आएंगे।
- 4,000 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला यह मेला भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं और उन्नत संगठनात्मक क्षमताओं के सामंजस्यपूर्ण मिश्रण का प्रतिनिधित्व करता है।
- ज्योतिषीय रूप से महत्वपूर्ण, महाकुंभ **सूर्य, चंद्रमा और बृहस्पति से जुड़े दुर्लभ खगोलीय** संरेखण द्वारा निर्धारित किया जाता है।
- महाकुंभ को यूनेस्को द्वारा, **2017** में मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के हिस्से के रूप में मान्यता प्राप्त दी गयी थी।
- हिन्दू धर्म में महाकुंभ मेला हर 12 साल में चार पवित्र स्थलों **प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक** पर आयोजित किया जाता है।

## मिशन मौसम

मिशन मौसम का शुभारंभ प्रधानमंत्री द्वारा भारत मौसम विज्ञान विभाग के 150वें स्थापना दिवस के अवसर पर **भारत मंडपम, नई दिल्ली** में किया गया ।

**प्रमुख बिंदु-**

- **लक्ष्य :** "मिशन मौसम" को मौसम के प्रति तैयार और जलवायु के प्रति स्मार्ट राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ शुरू किया गया है।
  - इस मिशन का लक्ष्य अत्याधुनिक मौसम निगरानी तकनीक और सिस्टम विकसित करके, उच्च-रिज़ॉल्यूशन वायुमंडलीय अवलोकन, अगली पीढ़ी के रडार और उपग्रहों एवं उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटरों को कार्यान्वित करते हुए उच्च स्तरीय क्षमता को हासिल करना है।
  - यह मौसम और जलवायु प्रक्रियाओं की समझ को बेहतर बनाने, वायु गुणवत्ता डेटा प्रदान करने पर भी ध्यान केंद्रित करेगा।
- **आईएमडी विज़न-2047 :** मौसम संबंधी अनुकूलता और जलवायु परिवर्तन अनुकूलन के लिए आईएमडी विज़न-2047 दस्तावेज़ भी किया गया।

**भारत मौसम विज्ञान विभाग :**

- भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) भारत सरकार के **पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय** की एक एजेंसी है।
- यह मौसम संबंधी अवलोकन, मौसम पूर्वानुमान और भूकंप विज्ञान के लिए जिम्मेदार प्रमुख एजेंसी है।
- **स्थापना** - 1875
- **मुख्यालय** - शुरुआत में कलकत्ता में था। बाद में शिमला, फिर पूना (अब पुणे) और अंत में नई दिल्ली स्थानांतरित किया गया।

## हिमकवच

डीआरडीओ ने सैनिको के लिए हिमकवच को लॉन्च किया।

**प्रमुख बिंदु-**

- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) ने सियाचिन और लद्दाख बॉर्डर पर भीषण ठंड में तैनात सैनिकों के लिए नई यूनिफार्म लॉन्च की। इसे हिमकवच नाम दिया गया है।
- **विशेषता :** हिमकवच को **20°C से लेकर -60°C** तक के तापमान पर काम करने के लिए डिजाइन किया गया है।
- हिमकवच एक **क्लोदिंग सिस्टम** है जिसे कई लेयर की ड्रेसेज मिलाकर तैयार किया गया है। सभी लेयर्स को गर्मी पैदा करने के लिए इन्सुलेशन सिस्टम के मुताबिक बनाया गया है।
- **वर्तमान सन्दर्भ :** अभी सैनिक ईसीडब्ल्यू सीएस यूनिफॉर्म पहनते हैं। इसे डीआरडीओ के डिफेंस इंस्टीट्यूट ऑफ फिजियोलॉजी एंड एलाइड साइंसेज (DIFAS) ने डेवलप किया था।

## चर्चित व्यक्तित्व- उपलब्धि

**नीरज चोपड़ा**

- भारत के पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता नीरज चोपड़ा को विश्व प्रसिद्ध अमेरिकी पत्रिका **'ट्रैक एंड फील्ड न्यूज'** द्वारा 2024 में दुनिया का सर्वश्रेष्ठ पुरुष भाला फेंक खिलाड़ी नामित किया गया है।



- नीरज चोपड़ा ने कैलिफोर्निया स्थित पत्रिका द्वारा प्रकाशित 2024 रैंकिंग में शीर्ष स्थान के लिए ग्रेनेडा के दो बार के विश्व चैंपियन **एंडरसन पीटर्स** को पछाड़ दिया।

## चर्चित व्यक्तित्व- वैश्विक

**तमीम इकबाल**



- बांग्लादेश के पूर्व कप्तान **तमीम इकबाल** ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है।
- तमीम ने बांग्लादेश के लिए 70 टेस्ट, 243 वनडे और 78 टी20 मैच खेले हैं।

### निकोलस मादुरो



- निकोलस मादुरो ने लगातार तीसरी बार वेनेजुएला के राष्ट्रपति पद की शपथ ली।
- वह 2013 से वेनेजुएला के राष्ट्रपति हैं।

## चर्चित व्यक्तित्व- निधन

### इकबाल छागला



- हाल ही में भारत के एक वरिष्ठ अधिवक्ता
- इकबाल छागला का निधन हो गया।
- वे **85 वर्ष** के थे।

## महत्वपूर्ण दिन/दिवस

### 12 जनवरी

### राष्ट्रीय युवा दिवस

- राष्ट्रीय युवा दिवस प्रत्येक वर्ष 12 जनवरी को **महान आध्यात्मिक नेता, दार्शनिक और विचारक** स्वामी विवेकानंद की स्मृति में मनाया जाता है।
- विवेकानंद का प्रेरक जीवन और सशक्त संदेश युवाओं से अपने सपनों को संजोने, अपनी ऊर्जा को उजागर करने और उनके कल्पित आदर्शों के अनुरूप भविष्य को आकार देने का आग्रह करता है।




- युवाओं को **15-29 वर्ष** के आयु वर्ग के रूप में परिभाषित किया गया है, जो भारत की कुल जनसंख्या का लगभग **40%**हैं।
- भारत सरकार ने **1984** में स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में घोषित किया था। जो 1985 से प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है।

### स्वामी विवेकानंद के बारे में-

- स्वामी विवेकानंद का जन्म **कोलकाता** में **12 जनवरी 1863** को हुआ था।
- उनके बचपन का नाम **नरेन्द्रनाथ दत्त** था।
- इनके पिता का नाम **विश्वनाथ दत्त** और माता का नाम **भुवनेश्वरी देवी** था।
- 16 वर्ष की आयु में 1869 में स्वामी जी ने कलकत्ता विश्व विद्यालय की परीक्षा पास की थी।
- सन **1893** में **अमेरिका के शिकागो शहर** में आयोजित धर्म सम्मेलन में स्वामी जी ने भारत का प्रतिनिधित्व किया था।
- **4 जुलाई 1902** को बेलूर के रामकृष्ण मठ में ध्यानावस्था में महासमाधि धारण कर स्वामी जी पंचतत्व में विलीन हो गए थे।
- स्वामी विवेकानंद जी के गुरु का नाम **स्वामी रामकृष्ण परमहंस** था।

## अन्य राज्यों से महत्वपूर्ण समसामयिकी

### कर्नाटक

- भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR) द्वारा **दक्षिण भारत की पहली** संक्रामक रोग अनुसंधान और निदान प्रयोगशाला (IRDL) की स्थापना बैंगलोर मेडिकल कॉलेज और अनुसंधान संस्थान (BMCRI) में की जाएगी।

## वैश्विक - समसामयिकी

### सिंगापुर

- सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शानमुगरत्नम 14 से 18 जनवरी तक भारत की यात्रा करेंगे।
- यह राजकीय यात्रा **भारत-सिंगापुर राजनयिक संबंधों की स्थापना की 60वीं वर्षगांठ** के उपलक्ष्य में हो रही है।
- इस यात्रा के दौरान भारत और सिंगापुर संभवतः दो कौशल विकास समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे।
- यह शानमुगरत्नम की भारत की पहली राजकीय यात्रा होगी और 10 वर्षों में किसी भी सिंगापुर के राष्ट्रपति की भारत की पहली यात्रा होगी। पिछली यात्रा फरवरी 2015 में पूर्व राष्ट्रपति **टोनी टैन किंग याम** ने की थी।

## विविध

- केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने नई दिल्ली में भारत जलवायु फोरम 2025 में भारत क्लीनटेक विनिर्माण प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया। यह पहल सौर, पवन, हाइड्रोजन और बैटरी भंडारण क्षेत्रों में भारत की स्वच्छ प्रौद्योगिकी मूल्य श्रृंखलाओं को बढ़ाने के लिए तैयार की गई है।
- भारत आधिकारिक **सांख्यिकी के लिए बिग डेटा और डेटा विज्ञान पर संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञों की समिति** में शामिल हो गया है, जो सतत विकास लक्ष्यों की निगरानी और रिपोर्ट करने के लिए बिग डेटा का लाभ उठाने पर केंद्रित एक प्रमुख निकाय है।
- अनधिकृत व्यापार से निपटने के लिए व्यापार, पारगमन और सहयोग पर भारत-नेपाल अंतर-सरकारी समिति (आईजीसी) की बैठक 10-11 जनवरी, 2025 को काठमांडू में आयोजित की गई।
- नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित जीनोम इंडिया डेटा कॉन्क्लेव में भारतीय जीनोमिक डेटा सेट का अनावरण किया गया और केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने 'डेटा प्रोटोकॉल के आदान-प्रदान के लिए रूपरेखा (फीड)' और भारतीय जैविक डेटा केंद्र (आईबीडीसी) पोर्टल लॉन्च किए, जिससे भारत और दुनिया भर के शोधकर्ताओं के लिए **10,000 पूरे जीनोम** के नमूने सुलभ हो गए।
- मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) ने प्रोजेक्ट 75 को पूरा करते हुए भारतीय नौसेना को **अंतिम स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बी**, **वाघशीर** सौंप दी। इस श्रेणी की अन्य पांच पनडुब्बी, कलवरी, खंडेरी, करंज, वेला और वागीर है।

❍❍❍❍

ONLYIAS BY PHYSICS WALLAH